# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

## Sections/Cells/Clubs presentation organised by IQAC

**Newspaper: Amar Ujala** **Date: 25-01-2022**

# गुणवत्ता में सुधार के लिए स्वमूल्यांकन आवश्यकः कुलपति

महेंद्रगढ़। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के प्रयासों से विश्वविद्यालय के विभिन्न क्लबों, प्रकोष्ठों एवं अनुभागों ने कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के समक्ष विभागीय प्रस्तुतिकरण दिया। विश्वविद्यालय कुलपति ने कहा कि इस तरह का प्रस्तुतीकरण राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ), राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के लिए महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता में सुधार के लिए स्वमूल्यांकन की यह प्रक्रिया आवश्यक है और अवश्य ही इससे प्रतिभागी लाभान्वित होंगे। विश्वविद्यालय कुलपति ने कहा कि किसी भी संस्थान की प्रगति केवल तभी संभव है, जब उसके सभी सहभागी मिलकर प्रयास करें और ऐसे प्रस्तुतीकरण के माध्यम से एक-दूसरे अनुभागों की कार्यप्रणाली व भविष्य की योजनाओं से अवगत होने का अवसर हमें प्राप्त होता है। विश्वविद्यालय की कुलसचिव एवं आईक्यूएसी की निदेशक प्रो. सारिका शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक शाखा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय, स्थापना शाखा, आरटीआई सेल सहित लगभग 60 क्लबों, प्रकोष्ठों एवं अनुभागों ने अपने प्रस्तुतीकरण प्रस्तुत किए।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Jagran** **Date: 25-01-2022**

## गुणवत्ता में सुधार के लिए स्वमूल्यांकन आवश्यक

संस, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के प्रयासों से सोमवार को विश्वविद्यालय के विभिन्न क्लबों, प्रकोष्ठों एवं अनुभागों ने कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के समक्ष विभागीय प्रस्तुतिकरण दिया। विश्वविद्यालय कुलपति ने कहा कि इस तरह का प्रस्तुतिकरण राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क और राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के लिए महत्वपूर्ण होता है। गुणवत्ता में सुधार के लिए स्वमूल्यांकन की यह प्रक्रिया आवश्यक है और अवश्य ही इससे प्रतिभागी लाभांवित होंगे। किसी भी संस्थान की प्रगति केवल तभी संभव है, जब उसके सभी सहभागी मिलकर प्रयास करें। ऐसे प्रस्तुतिकरण के माध्यम से एक-दूसरे अनुभागों की कार्यप्रणाली व भविष्य की योजनाओं से अवगत होने का अवसर हमें प्राप्त होता है। विवि की कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा ने बताया कि इस प्रक्रिया के माध्यम से हमें भविष्य के लिए आवश्यक तैयारी हेतु योजना बनाने में मदद मिलेगी।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Dainik Bhaskar** **Date: 25-01-2022**

# गुणवत्ता में सुधार के लिए स्वमूल्यांकन आवश्यक : प्रो. टंकेश्वर

**महेंद्रगढ़** | हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के प्रयासों से सोमवार को विश्वविद्यालय के विभिन्न क्लबों, प्रकोष्ठों एवं अनुभागों ने कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के समक्ष विभागीय प्रस्तुतिकरण दिया। विश्वविद्यालय कुलपति ने इस अवसर पर कहा कि इस तरह का प्रस्तुतिकरण राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क व राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद के लिए महत्त्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता में सुधार के लिए स्वमूल्यांकन की यह प्रक्रिया आवश्यक है और अवश्य ही इससे प्रतिभागी लाभांवित होंगे।

कुलपति ने कहा कि किसी भी संस्थान की प्रगति केवल तभी संभव है, जब उसके सभी सहभागी मिलकर प्रयास करें और ऐसे प्रस्तुतिकरण के माध्यम से एक-दूसरे अनुभागों की कार्यप्रणाली व भविष्य की योजनाओं से अवगत होने का अवसर हमें प्राप्त होता है। विश्वविद्यालय की कुलसचिव एवं आईक्यूएसी की निदेशक प्रो. सारिका शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक शाखा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय, स्थापना शाखा, आरटीआई सेल सहित लगभग 60 क्लबों, प्रकोष्ठों एव अनुभागों ने अपने प्रस्तुतिकरण प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के माध्यम से हमें भविष्य के लिए आवश्यक तैयारी हेतु योजना बनाने में मदद मिलेगी।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Haribhoomi** **Date: 25-01-2022**

# गुणवत्ता में सुधार को स्वमूल्यांकन अति आवश्यक : प्रो. टंकेश्वर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़



हकेंवि के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ आईक्यूएसी के प्रयासों से सोमवार को विवि के विभिन्न क्लबों, प्रकोष्ठों एवं अनुभागों ने कुलपति प्रो. टंकेश्वर के समक्ष विभागीय प्रस्तुतिकरण दिया। कुलपति ने कहा कि इस तरह का प्रस्तुतिकरण राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क एनआईआरएफ व राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद नैक के लिए महत्त्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता में सुधार के लिए स्वमूल्यांकन की यह प्रक्रिया आवश्यक है और अवश्य ही इससे प्रतिभागी लाभांवित होंगे। उन्होंने कहा कि संस्थान की प्रगति केवल तभी संभव है, जब सभी सहभागी मिलकर प्रयास करें व प्रस्तुतिकरण के माध्यम से एक-दूसरे अनुभागों की कार्यप्रणाली व भविष्य की योजनाओं से अवगत होने का मौका हमें प्राप्त होता है। कुलसचिव प्रो. सारिका शर्मा ने बताया कि विवि की शैक्षणिक शाखा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय, स्थापना शाखा, आरटीआई सेल सहित लगभग 60 क्लबों, प्रकोष्ठों एव अनुभागों ने अपने प्रस्तुतिकरण प्रस्तुत किए।

# Central University of Haryana

**NAAC Accredited 'A' Grade University**

**Public Relations Office**

**Newspaper: Punjab Kesari** **Date: 25-01-2022**

# गुणवत्ता में सुधार के लिए स्वःमूल्यांकन आवश्यकः प्रो. टंकेश्वर कुमार

महेंद्रगढ़, 24 जनवरी (परमजीत/मोहन): हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आई.क्यू.ए.सी.) के प्रयासों से सोमवार को विश्वविद्यालय के विभिन्न क्लबों, प्रकोष्ठों एवं अनुभागों ने कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार के समक्ष विभागीय प्रस्तुतिकरण दिया। विश्वविद्यालय कुलपति ने इस अवसर पर कहा कि इस तरह का प्रस्तुतिकरण राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क (एन.आई.आर.एफ.) व राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (नैक) के लिए महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता में सुधार के लिए स्व:मूल्यांकन की यह प्रक्रिया आवश्यक है और अवश्य ही इससे प्रतिभागी लाभांवित होंगे।




*प्रो. टंकेश्वर कुमार के समक्ष विभागीय प्रस्तुतिकरण देने का दृश्य।*

विश्वविद्यालय कुलपति ने कहा कि किसी भी संस्थान की प्रगति केवल तभी संभव है, जब उसके सभी सहभागी मिलकर प्रयास करें और ऐसे प्रस्तुतिकरण के माध्यम से एक-दूसरे अनुभागों की कार्यप्रणाली व भविष्य की योजनाओं से अवगत होने का अवसर हमें प्राप्त होता है।

विश्वविद्यालय की कुलसचिव एवं आई.क्यू.ए.सी. की निदेशक प्रो. सारिका शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक शाखा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता कार्यालय, स्थापना शाखा, आर.टी.आई. सैल सहित लगभग 60 क्लबों, प्रकोष्ठों एवं अनुभागों ने अपने प्रस्तुतिकरण प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया के माध्यम से हमें भविष्य के लिए आवश्यक तैयारी हेतु योजना बनाने में मदद मिलेगी।